*अत्यावश्यक*

राजस्थान सरकार
निदेशालय कोष एवं लेखा, जयपुर

क्रमांक 314 दिनांक 7-3-18

समस्त कनिष्ठ लेखाकार,

बैच 2013

विषय :–कनिष्ठ लेखाकार पद पर प्रथम नियुक्ति की ज्वाइनिंग रिपोर्ट भिजवाने बाबत् ।

विषयान्तर्गत लेख है कि निदेशालय के विभिन्न आदेशों के द्वारा वर्ष 2013 बैच के अभ्यर्थियो को कनिष्ठ लेखाकार पद पर नियुक्ति दी जाकर 15 दिवस की अवधि में कार्यग्रहण कर कार्यालयाध्यक्ष के माध्यम से इस विभाग को कार्यग्रहण रिपोर्ट आवश्यक रूप से भिजवाने हेतु निर्देशित किया गया था । परन्तु अनेक अभ्यर्थियों की कनिष्ठ लेखाकार पद पर कार्यग्रहण करने की ज्वाइनिंग रिपोर्ट आदिनांक तक भी इस निदेशालय को प्राप्त नहीं हुई है।

चूंकि वित्तीय वर्ष 2018–2019 की वरिष्ठता सूची शीघ्र ही तैयार की जानी है, अतः कनिष्ठ लेखाकार बैच–2013 के समस्त कार्मिकों को निर्देशित किया जाता है कि वे अपनी कनिष्ठ लेखाकार पद की प्रथम ज्वाइनिंग रिपोर्ट (कार्यालयाध्यक्ष से प्रमाणित मूल रिपोर्ट) विभागीय ईमेल jacct.dta@rajasthan.gov.in के माध्यम से दिनांक 12.03.2018 तक आवश्यक रूप से भिजवाया जाना सुनिश्चित करें तथा एक प्रति डाक से भी निदेशालय को शीघ्र प्रेषित करें।

(मंजुला वर्मा)
निदेशक